an>

Title: Need to check alleged flouting of rules in extending health care facilities to women under National Health Mission in Faizabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री लल्लू सिंह (फैजाबाद) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र फैजाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के तहत महिलाओं की चिकित्सा में कथित गोरखधंधे की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। फैजाबाद मण्डल में एन.एच.एम. के तहत महिलाओं के सीजेरियन प्रसव में कैशलेस सुविधा का लाभ पीड़ितों को नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सा के दौरान महिला के परिवार से आवश्यक एवं महंगी दवाएं बाज़ार से खरीद कर मंगवाई जाती हैं जबकि एन.एच.एम. में स्पष्ट निर्देश हैं कि सीजेरियन प्रसव में सभी दवाएं अस्पताल प्रशासन उपलब्ध करवाएगा। दवाओं को बाहर से खरीदने के कारण पीड़ितों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। दवाओं की उपलब्धता के मामले में फैजाबाद के स्वास्थ्य विभाग ने सारे नियम-कायदे ताक पर रख दिए हैं।

मेरी मांग है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत फैजाबाद मे चल रहे कथित चिकित्सा रैकेट पर विराम लगाने हेतु सरकार आवश्यक कदम उठाए जिससे महिलाओं के इलाज में आ रही बाधाएं दूर हो सकें।